## संपादकीय

# राज्यसभा में गोगोई

बहुचर्चित मामलों में फैसले देने वाले पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा के लिये मनोनीत होने पर विवाद उठना स्वाभाविक था। गोगोई बीते नवंबर माह में ही सेवानिवृत्त हुए थे। उनके इस पद के लिये हां कहने से न्यायपालिका की साख पर सवाल उठाने का मौका कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को मिल गया है। निःसंदेह न्यायपालिका की स्वतंत्रता व निष्पक्षता इस बात पर निर्भर करती है कि वह कार्यपालिका से कितनी सुरक्षित दूरी बनाये रखती है। संविधान भी इस बात पर बल देता है कि न्यायपालिका कार्यपालिका से दूरी बनाये रखने के लगातार प्रयास करेगी। राजनीतिक हलकों में इस बात पर विमर्श चलता रहा है कि सेवानिवृत्त होने के बाद जजों को लाभ के पदों पर नियुक्ति में कम से कम दो वर्ष का अंतर रखा जाना चाहिए। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे और कानूनी मामलों के जानकार अरुण जेटली ने जोर-शोर से उठायी थी। मगर विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों की सोच विपक्ष से सत्ता पक्ष में आने के बाद बदल जाती है। ऐसा भी नहीं है कि रंजन गोगोई राज्यसभा के लिये मनोनीत किये जाने वाले पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं। उनसे पूर्व भी पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा को भी कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा में भेजा था। मगर यहां सवाल सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधिकरणों या आयोगों में नियुक्ति का कूलिंग-ऑफ पीरियड का है। यह कहा जा सकता है कि सेवानिवृत्ति से पूर्व दिये गये फैसले के बाद नौकरी की इच्छा से वह प्रभावित हो सकते हैं। यही वजह है कि एक न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति और सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति के बीच दो साल का अंतर रखने की बात होती है। यहां विवाद का विषय उनकी मनोनयन की तीव्रता को लेकर है, मुख्य न्यायाधीश पद से रिटायर होने के सिर्फ चार माह बाद ही उन्हें राज्यसभा के लिये नामित किया गया है।

कांग्रेस पार्टी गोगोई के मनोनयन को लेकर सवाल उठा रही है। मगर नैतिक धरातल पर वह कहीं ऊंचे स्थान पर खड़ी नजर नहीं आती। वर्ष 1998 में कांग्रेस ने पार्टी टिकट पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा को उच्च सदन में भेजा था। ये वही रंगनाथ मिश्रा थे, जिन्होंने 1984 के दंगों के लिये गठित आयोग के जरिये दिल्ली दंगों के लिये कांग्रेस पार्टी को क्लीन चिट दी थी। यही नहीं, सेवानिवृत्ति के बाद नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पहले मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष भी उन्हें नियुक्त किया था। जाहिरा तौर पर आम धारणा है कि न्यायमूर्तियों को सेवानिवृत्ति के बाद सरकार की ओर से दिये जा रहे किसी भी तरह के लाभ के पद को स्वीकार नहीं करना चाहिए। जिसे वे लोकतंत्र में अलिखित सिद्धांतों की तरह देखते हैं। गोगोई के मामले में यह इसलिये भी जरूरी हो जाता है क्योंकि वे कई बेहद संवेदनशील मुद्दों पर दिये गये फैसलों से जुड़े रहे हैं। इनमें अयोध्या व राफेल से जुड़े मामले?भी शामिल रहे हैं। इसी तरह असम में एनआरसी के क्रियान्वयन से जुड़े मामलों में भी उनकी भूमिका रही थी।

# शेयर बाजार में लौटी रौनक, हरे निशान पर खुले सेंसेक्स-निफ्टी




**मुम्बई (आरएनएस)।** कोरोना वायरस कोविड 19 के प्रकोप के साये में पिछले काफी दिनों से बड़ी उठापटक के बीच जारी शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती तेजी नजर आयी।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स करीब 1100 अंक और निफ्टी 350 अंक ऊंचे खुले। सोमवार को शेयर बाजारों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी थी और जब दोनों प्रमुख सूचकांक 10 प्रतिशत से ज्यादा टूटे कर बंद हुये थे। आज कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स कल के 25981.24 की तुलना में 27056 23 पर मजबूत हुआ और थोड़ा बढ़कर 27462.87 अंक तक चढ़ने के बाद बिकवाली के दबाव में आया। और फिलहाल 26789.26 अंक पर 800 अंक ऊपर है। निफ्टी वर्तमान में 7833.15 अंक पर 223 अंक ऊंचा है।

उल्लेखनीय है कि कल, कोरोना वायरस 'कोविड-19' का देश में संक्रमण बढ़ने और इसके कारण कई राज्यों में लॉकडाउन के बाद घरेलू शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया और बीएसई का सेंसेक्स 13 प्रतिशत से अधिक तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 11 प्रतिशत से ज्यादा की रिकॉर्ड गिरावट में बंद हुये जिससे निवेशकों के 14.22 लाख करोड़ रुपये डूब गये।

# जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाई गई




**नईदिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्रालय ने कोरोनोवायरस संकट के मद्देनजर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है।**

सभी पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा फरवरी के लिए फॉर्म जीएसटीआर-3बी में रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीख को बढ़ाकर 7 अप्रैल, 2020 कर दिया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के एक बयान में कहा गया है कि फार्म जीएसटीआर-9 में वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीख का विस्तार करने और वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए तय समय सीमा को 31 मार्च से 30 जून 2020 तक करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने कंपोजिशन स्कीम के लिए नियत तारीख को 31 मार्च से बढ़ाकर 7 अप्रैल करने का भी फैसला किया है।

## रुपया में शुरुआती कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 18 पैसे की मजबूती



**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक शुरुआत के चलते भारतीय रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 76.02 पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की बढ़ोतरी को दर्शाता है। डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 76.20 पर बंद हुआ था।कारोबारियों ने कहा कि सोमवार को रिजर्व बैंक के तरलता को बढ़ावा देने के प्रयास के बाद निवेशकों की भावनाओं में सुधार हुआ। आरबीआई एक लाख करोड़ रुपये के अल्पकालिक परिवर्तनीय रेपो नीलामी करेगा।रेपो नीलामियों को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। 50,000 करोड़ रुपये की पहली रेपो नीलामी सोमवार को आयोजित की गई थी।रेपो नीलामी के 50,000 करोड़ रुपये की दूसरी किश्त मंगलवार को आयोजित की जाएगी।हालांकि, व्यापारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव पर अभी भी चिंता है। कोरोना वायरस से दुनिया भर में मौतों की संख्या 16,000 से अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में अब तक कोरोना वायरस के लगभग 500 मामले सामने आए हैं।

## सोना वायदा में 0.93 प्रतिशत की गिरावट

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** वायदा बाजार में मंगलवार को सोना 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,779 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। घरेलू बाजार में कारोबारियों की बिकवाली के चलते ये गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का भाव 385 रुपये या 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,779 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 2,529 लॉट के लिए कारोबार हुआ। सोने के दाम जून डिलीवरी के लिए 296 रुपये या 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,361 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए। इसमें 1,198 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विदेशों में कमजोर रुख के चलते सोने के वायदा भाव में गिरावट आई।

## दक्षिण अफ्रीका की अनुबंध सूची में से स्टेन बाहर



**जोहान्सबर्ग।** अनुभवी तेज गेंदबाज डेल स्टेन को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की 2020-21 सीजन की अनुबंध सूची में जगह नहीं मिली है।


वहीं तेज गेंदबाज बेयुरन हेड्रिंक्स को पहली बार राष्ट्रीय अनुबंध मिला है। सोमवार को जारी सूची में हरफनमौला खिलाड़ी ड्वयान प्रीटोरियस, बल्लेबाज रासी वान डर डुसेन और तेज गेंदबाज एनरिक नोटर्जे को भी जगह मिली है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के मुख्य कार्यकारी जैक्स फॉल ने कहा, हमने 16 पुरुष और 14 महिला खिलाड़ियों को अनुबंधित किया है जो हमें लगता है कि सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम के लिहाज से सही नंबर हैं।

उन्होंने कहा, इससे हमें हमारे टेस्ट खिलाड़ियों और सीमित ओवरों के खिलाड़ियों को अनुबंधित करने का मौका मिला है। साथ ही हमने 17 पुरुष खिलाड़ियों के अनुबंध बाकी रखे हैं और खिलाड़ी इसके लिए चालीफाई कर सकते हैं। पुरुष अनुबंध में टी-20 विश्व कप, श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज, आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज, पाकिस्तान, भारत और वेस्टइंडीज तथा श्रीलंका के दौरे शमिल हैं।

## बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के बीच कॉन्फ्रेंस कॉल स्थगित

**नईदिल्ली।** बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के मालिकों के बीच मंगलवार को होने वाली कॉन्फ्रेंस कॉल को इस सप्ताह के अंत तक स्थगित कर दिया गया है। इस कॉन्फ्रेंस कॉल में कोरोनावायरस के कारण फैली वैश्विक स्थिति और उसके लीग के 13वें संस्करण पर पड़ने वाले असर पर चर्चा होनी थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि मौजूदा स्थिति को लेकर जिस कॉन्फ्रेंस कॉल में चर्चा की जानी थी उसे इस सप्ताह के अंत तक के लिए टाल दिया गया है क्योंकि बोर्ड आगे की स्थिति को और देखना चाहता है। अधिकारी ने कहा, हम आज स्थिति को लेकर आईपीएल फ्रेंचाइजियों से बात करने वाले थे, लेकिन हमने फैसला किया कि हम इस सप्ताह के अंत में उनसे बात करेंगे। लेकिन हां, स्थिति को परखने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

# घरेलू उड़ानों को बंद करने के फैसले से विमानन शेयर 10 प्रतिशत तक गिरे



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस महामारी के चलते भारतीय विमानन कंपनियों के सभी घरेलू परिचालन के 25 मार्च से निलंबन की घोषणा के बाद इन कंपनियों के शेयर 10 प्रतिशत तक गिर गए।

इंडिगो का स्वामित्व रखने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 9.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 765.05 रुपये पर पहुंच गए। ये बीएसई पर उसका एक साल का सबसे निचला स्तर है। स्पाइसजेट भी 4.92 प्रतिशत गिरकर 31.85 रुपये पर आ गया। ये भी अपने एक साल के निचले स्तर और निचले सर्किट पर है। विमानन मंत्रालय ने सोमवार को कहा था कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकोप के चलते 25 मार्च से सभी घरेलू परिचालन निलंबित कर दिए जाएंगे। भारत पहले ही अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित कर चुका है।

## चांदी में 803 रुपए की उछाल



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच सटोरियों के सौदा बढ़ाये जाने से चांदी की वायदा कीमत मंगलवार को 803 रुपये उछलकर 38,715 रुपये किलो पर पहुंच गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई महीने की डिलिवरी के लिये चांदी की कीमत 803 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत उछलकर 38,715 रुपये किलो पहुंच गयी। इसमें 5,580 लॉट के लिये कारोबार हुआ। इसी प्रकार, जुलाई महीने की डिलिवरी के लिये चांदी 918 रुपये यानी 2.4 प्रतिशत मजबूत होकर 39,240 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गयी। इसमें 148 लॉट के लिये कारोबार हुआ। कारोबारियों के अनुसार मुख्य रूप से वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच सटोरियों के सौदा बढ़ाये जाने से चांदी के मूल्य में तेजी आयी। उधर, अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयार्क में चांदी की कीमत 2.33 प्रतिशत मजबूत होकर 13.57 डॉलर प्रति औंस रही।

## आज का राशिफल

मेषः आपकी राशि का स्वामी मंगल मकर राशि का होकर दशम कार्य केंद्र में है। आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा।

वृषभः आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वादश भाव में संचार कर रहा है। राज्य-मान प्रतिष्ठा तथा उत्तम प्रकार की धन संपत्ति दायक है।

मिथुनः आपकी राशि का स्वामी बुध नवम त्रिकोण भाव मे विराजमान कुंभ राशि में है।

कर्कः राशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से नवम चंद्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है।

सिंहः राशि का स्वामी सूर्य मंगल के साथ होकर अष्टम आयु भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है।

कन्याः आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे, ऋतंभरा प्रज्ञा से काम लेते हुए सबका सम्मान करें।

तुलाः आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से सप्तम भाव में कोष वृद्धि व मन संतोषकारक है।

वृश्चिकः राशि का स्वामी मंगल उच्च राशि पराक्रम भाव में चंद्रमा पंचम घर में विजय विभूति कारक है।

धनुः आपकी राशि का स्वामी देवगुरू बृहस्पति पिछले कई दिनों से धनु राशि में चल रहा है।

मकरः आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से प्रथम घर में और चंद्रमा तृतीय भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं।

कुंभः आज आपकी राशि से एकादश में गुरु व केतु का योग और मीन राशि में चंद्रमा भाग्य वृद्धि करेगा।

मीनः आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति धनुः राशि का होकर दशम भाग्य त्रिकोण संतान भाव में चल रहा है। मनोर्थ सिद्धि कारक है। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

# फिल्म बेल बॉटम में अक्षय के साथ काम नजर आयंगी वाणी

**अक्षय कुमार की फिल्म बेल बॉटम काफी समय से चर्चा में है। जबसे फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है तभी से फिल्म को लेकर फैंस के बीच एक और उत्सुकता बनी हुई थी।**



यह फिल्म में ऐक्ट्रेस को लेकर थी। अब जो जानकारी सामने आ रही है, वह फैंस को राहत देने वाली है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार ने इस फिल्म के लिए ऐक्ट्रेस को चुन लिया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय कुमार के साथ इस फिल्म में वाणी कपूर दिखेंगी। इससे पहले चर्चा था कि अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक एलबम में दिखीं नुपूर सेनन ऐक्ट्रेस की भूमिका निभाएंगी। वाणी कपूर इससे पहले रितिक रोशन के साथ फिल्म वार में दिखी थीं। अगर वाणी कपूर यह फिल्म करती हैं तो यशराज बैनर के बाहर यह उनकी पहली फिल्म होगी।

यशराज के साथ वाणी ने लगातार तीन फिल्में की हैं। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने मिरर को बताया कि करीब एक सप्ताह पहले ही वाणी कपूर ने यह फिल्म साइन की है। उधर, अक्षय कुमार की बात करें तो उनकी कई फिल्में कतार में हैं। सूर्यवंशी, बच्चन पांडे इनमें शामिल हैं।

## प्रेरणादयक सिनेमा का हिस्सा बनने का हमेशा प्रयास करूंगा : राजकुमार



बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि वह हमेशा प्रेरणादायक फिल्मों का हिस्सा बनने का प्रयास करेंगे। राजकुमार राव ने फिल्मकार दिबाकर बनर्जी की फिल्म लव सेक्स और धोखा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह काय पो छे, शाहिद, चीन, सिटीलाइट्स, अलीगढ़ और ट्रैप्ड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

## परमवीर चक्र विजेता बनेंगे वरुण धवन



फिल्म बदलापुर में वरुण धवन की ऐक्टिंग की खूब सरहना हुई थी। इस फिल्म ने उनके करियर ग्राफ को काफी ऊंचा मुकाम दिया था। अब वरुण इस फिल्म के डायरेक्टर रहे श्रीराम राघवन के साथ एक और फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं। बता दें कि इससे पहले दोनों ने साथ मिलकर बदलापुर में काम किया था।

यह फिल्म काफी हिट रही थी। फिल्म बदलापुर में वरुण धवन की ऐक्टिंग की खूब सरहना हुई थी। इस फिल्म ने उनके करियर ग्राफ को काफी ऊंचा मुकाम दिया था। अब वरुण इस फिल्म के डायरेक्टर रहे श्रीराम राघवन के साथ एक और फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं। फिल्म के प्रड्यूसर दिनेश विजान ने बताया कि वरुण धवन इस फिल्म को लेकर काफी एक्साटेड हैं। हम सभी भी जल्द साथ जुड़ना चाहते हैं। बदलापुर के बाद वरुण के लिए यह भी बड़ी फिल्म होगी। दिनेश ने बताया कि किस तरह से उनके एक दोस्त ने इस कहानी के बारे में उन्हें बताया।

# रोटी या हो चावल, हर किसी के साथ करें एन्जॉय भिंडी पीनट मसाला



**सामग्री :-**

मूंगफली- 1/4 कप, तिल- 2 चम्मच, खसखस (पॉपी सीड्स)- 2 चम्मच, करी के लिए, 450 ग्राम भिंडी, 3 चम्मच तेल, 1/2 चम्मच सरसों दाने, 1/2 चम्मच सौंफ, 1/4 चम्मच कलौंजी, 1 मीडियम प्याज कटे हुए, 1-2 हरी मिर्च कटी हुई, 12-15 करी पत्ते, 2 चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट, 1/2 चम्मच धनिया पाउडर, 1/2 चम्मच पेपरिका, 1/4 चम्मच जीरा पाउडर, 1/4 चम्मच गरम मसाला, 1/4 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार, पानी आवश्यकतानुसार, 3 चम्मच इमली पेस्ट

**विधि :-**

भिंडी को धोकर कपड़े से पोंछकर सूखा लें और इसे लंबाई में दो-दो बराबर हिस्सों में काट लें। अब एक पैन में तेल गरम करें और धीमी आंच पर भिंडी को फ्राई कर लें। 10-12 मिनट में भिंडी सॉफ्ट हो जाएगी। अब एक दूसरे पैन में मूंगफली, तिल और खसखस डालकर इन्हें हल्की आंच पर 4-5 मिनट तक भूनें।

इसे मिक्सी में थोड़ा सा पानी डालते हुए अच्छे से पीस लें। अब पैन में फिर से तेल डालें। इसमें सरसों, सौंफ और कलौंजी डालकर तड़काएं। इसके बाद इसमें अदर-लहसुन पीसा हुआ डालेंगे। इसके बाद प्याज, हरी मिर्च और करी पत्ता डालकर उसे सॉफ्ट होने तक पकाएं। अब इसमें मूंगफली और पॉपी सीड्स वाला पेस्ट डाल देंगे। इसके बाद धनिया पाउडर, गरम मसाला और लाल मिर्च पाउडर और नमक डालें। पानी डालते हुए सारी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसमें इमली मिलाएं और 4-5 मिनट तक मीडियम हीट पर और पका लें। सबसे बाद में भिंडी मिक्स कर और गरमा-गरम रोटी या चावल के साथ परोसें।


## शब्द सामर्थ्य- 71

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 70 का हल**



## सू-दोकू- 71

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.70 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |